ont>

Title: Need for early commissioning of Passport Office in Surat, Gujarat- Laid.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी): उपाध्यक्ष महोदय, दक्षिण गुजरात के सूरत जिले में एक साल पूर्व फुल-फलेज एक पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने हेतु आदेश हो चुका है। किंतु, अभी तक पासपोर्ट कार्यालय ने काम करना शुरू नहीं किया है। अहमदाबाद पासपोर्ट कार्यालय में सबसे ज्यादा पासपोर्ट बनाने का कार्य लम्बित है और पासपोर्ट अधिकतर दक्षिण गुजरात के सूरत के आसपास की है। अभी केवल पासपोर्ट आवेदन का कार्य सूरत में हो रहा है और पासपोर्ट लेने एवं पासपोर्ट बना या नहीं बना है, इसके लिए अहमदाबाद जाना पड़ता है और कई दिन बेकार करने पड़ते हैं। इस संबंध में यह मामला कई बार संसद में उठा चुका हूं और इस संबंध में पत्र व्यवहार कर चुका हूं। हमेशा यह बताया जाता है कि सारी औपचारिकतायें पूरी हो गयी हैं। जल्द सूरत में फुल फलेज पासपोर्ट कार्यालय खुल जायेगा। परन्तु एक साल बीत चुका है और दूसरा साल शुरू हो गया है, किंतु अभी तक पासपोर्ट कार्यालय फुल फलेज ढंग से शुरू नहीं हुआ है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस कार्य की समीक्षा करे एवं जल्द से जल्द सूरत में फुल-फ्लेज पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने हेतु सख्त कार्यवाही करे।